**कक्षा-छठी, वार्षिक परीक्षा, 2023-24 विषय-हिन्दी (द्वितीय भाषा)**

**Time Allowed: 3 Hours** **Maximun Marks: 80**

**नोट: (i) उत्तर- पुस्तिका लेते ही इसके पहले पृष्ठ पर अपना अपना नाम, रोल नं. आदि ज़रूर लिखें।**

**(ii) उत्तर- पुस्तिका में प्रश्न पत्र में दिए गए कर्म अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर दें।**

**(iii) उत्तर- पुस्तिका में आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।**

**(iv) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर समाप्त होने पर एक लाइन लगा दीजिए ।**

**(v) 5 अंक सुंदर लिखाई के लिए निर्धारित हैं ।**

**(vi) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**

**(भाग-क)**

**प्रश्न -1 निम्नलिखित बहु-वैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प को चुनिए : (8x1=8)**

(i) निम्नलिखित में से शब्द 'कोयल' में किस 'मात्रा' का प्रयोग हुआ है?

(क) 'आ' की मात्रा (ख) 'ओ' की मात्रा (ग) 'औ' की मात्रा (घ) 'ऐ' की मात्रा

(ii) निम्नलिखित में से 'भाई' शब्द का स्त्रीलिंग चुनें:-

(क) बहन (ख) माता (ग) पिता (घ) मित्र

(iii) संयुक्त अक्षर 'न्द' का प्रयोग निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द में हुआ है?

(क) अन्य (ख) बन्धु (ग) आनन्द (घ) सिन्धु

(iv) निम्नलिखित शब्दों में से 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' शब्द का चुनाव करें:-

(क) परिवार (ख) लाल बहादुर शास्त्री (ग) स्कूल (घ) जेल

(v) निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द चुनें?

(क) अन्यदाता (ख) अनन्यदाता (ग) अन्नदाता (घ) अन्नादाता

(vi) 'गुण' शब्द का विपरीतार्थक शब्द चुनें:-

(क) अवगुण (ख) गुणी (ग) गुणवान (घ) ईमानदार

(vii) 'छुट्टी' शब्द में प्रयुक्त संयुक्ताक्षर निम्नलिखित में से किस शब्द में प्रयोग हुआ है?

(क) हटी (ख) घटी (ग) रटी (घ) मिट्टी

(viii) 'गोपू कुटिया के भीतर सो गया।' वाक्य में रेखांकित शब्द का सही पर्यायवाची शब्द चुनें:-

(क) बाहर (ख) अन्दर (ग) ऊपर (घ) नीचे

**(II) निम्नलिखित बहु-वैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प को चुनिए: (4x1=4)**

(i) कविता में बच्चे किस से प्रार्थना कर रहे हैं?

(क) गुरु से (ख) ईश्वर से (ग) मित्र से (घ) राजा से

(ii) इंद्रधनुष में कितने रंग होते हैं?

(क) 10 (ख) 9 (ग) 7 (घ) 12

(iii) अंडे से निकलकर चिड़िया ने क्या देखा?

(क) पेड़ (ख) शाखा (ग) घोंसला (घ) आसमान

(iv) चींटी की काया कैसी है?

(क) बड़ी (ख) विशाल (ग) रंगीन (घ) छोटी

**(III) निम्नलिखित बहु-वैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प को चुनिए: (3x1=3)**

(i) 'संध्या' शब्द का क्या अर्थ है?

(क) सवेर (ख) रात (ग) दोपहर (घ) शाम

(ii) 'परिश्रम' शब्द का अर्थ क्या है?

(क) आराम (ख) मेहनत (ग) जुर्माना (घ) शरारत

(iii) 'बाइसिकिल' का क्या अर्थ है?

(क) तीन पहिए की सवारी (ख) दो पहिए की सवारी

(ग) एक पहिए की सवारी (घ) बिना पहिए की सवारी

**(IV) निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें व दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें। (5x1=5)**

सुन्दर यह प्रभु का झूला, देख-देख कर मन फूला,
झूला प्रभु के आँगन में, किरणें झूलें सावन में।

1- उपर्युक्त पद्यांश में झूला प्रभु के आँगन में दिखाई देता है। (सही/ग़लत)

2- सावन के महीने में बारिश अधिक होती है। (सही/ग़लत)

3- कविता के अनुसार 'झूला' शब्द का अर्थ 'नभ' है। (सही/ग़लत)

4- इस पद्यांश का भाव इन्द्रधनुष के की सुन्दरता है (सही/ग़लत)

5- 'मन फूलना' का अर्थ है .................. होना। (उदासी/प्रसन्नता)

**(V) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें: - (5x1=5)**

1- 'खिलौना' शब्द का बहुवचन शब्द लिखें।

2- 'बुद्धिमान' शब्द का विपरीतार्थक लिखें।

3- 'पुत्री' शब्द का पुल्लिंग शब्द लिखें।

4- 'औरत' शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखें।

5- 'राबताघ' शब्द में अक्षरों को उचित क्रम में रखकर सार्थक शब्द लिखें।

**(VI) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें: - (5x1=5)**

1- 'संज्ञा' की परिभाषा लिखें।

2- 'शास्त्री' शब्द में से संयुक्त व्यंजन अलग करके लिखिए।

3- 'माता' शब्द का एक समानार्थी शब्द लिखें।

4- 'वह बाहर बैठ गया।' वाक्य में से सर्वनाम शब्द लिखें।

5- 'सु + पुत्र = सुपुत्र' है। 'सु' शब्दांश लगाकर एक नया शब्द बनायें।

6- व्यक्तिवाचक, भाववाचक, जातिवाचक व्याकरण की किस विधा के भेदों के नाम है?

**(भाग-ख)**

**प्रश्न -2 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें। (8x1=8)**

1- कपिल मुनि के आश्रम का क्या नाम था?

2- राहुल कैसा आदमी था?

3- 'पुत्री के बीमार होने पर लाल बहादुर शास्त्री जी को कितने दिन के लिए रिहा किया गया?

4- किसान को कितने चाबुक लगाने का दंड दिया गया?

5- कवयित्री सीमा पर जाकर किस से युद्ध करना चाहती है?

6- अपाहिज पिल्ले के शरीर का कौन-सा भाग टूटा हुआ था?

7- गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व कब मनाया जाता है?

8- कुमारी कालीबाई का स्मारक राजस्थान के किस गाँव में बना है?

9- किस सब्ज़ी ने कहा कि मुझमें लौह तत्व होता है?

10- रिपोर्टर किसे कहते हैं?

**प्रश्न -3 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर चार / पाँच वाक्यों में लिखें। (4x3=12)**

1- मुनि द्वारा दस लाख रुपये का लालच देने पर भी राहुल ने अपना मुख उन्हें क्यों नहीं दिया?

2- रेणुका झील की विशेषताएँ लिखें।

3- कुमारी कालीबाई ने अध्यापक सेंगाभाई को अंग्रेज़ों से कैसे बचाया?

4- प्रभातफेरीयों में श्रद्धालु क्या करते हैं?

5- समाचार-पत्र ज्ञान का भंडार हैं। कैसे?

**(भाग-ग)**

**प्रश्न -4 (i) निम्नलिखित पंजाबी शब्दों में से किन्हीं तीन शब्दों का हिन्दी में अनुवाद करें। (5x1=5)**

ਤੀਲੇ, ਮੱਛੀ, ਨਿਰੋਗ, ਸ਼ੋਭਾ, ਗੁਲਾਲ, ਲੱਖ, ਪੈਸਾ, ਆਸ਼ਰਮ, ਪੁੱਤਰੀ

**(भाग-घ)**

**प्रश्न- 5 निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं पाँच मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करें। (5x1=5)**

गुदड़ी का लाल, अन्धाधुन्ध चलाना, जिगर का टुकड़ा,भरे मन से विदा लेना, हाथ-पाँव मारना, चेहरा खिल उठना, नानी याद आना

**(भाग-ङ)**

**प्रश्न -6 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर प्रार्थना-पत्र लिखें। (5x1=5)**

बीमारी के कारण अवकाश लेने के लिए स्कूल के मुख्याध्यापक को प्रार्थना-पत्र लिखें।

अथवा

सेक्शन बदलने के लिए स्कूल के मुख्याध्यापक को प्रार्थना-पत्र लिखें।

**प्रश्न-7 (i) किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं की सहायता से निबंध लिखिए। (5×1=5)**

**मेरा परिचय (निबंध)**

मेरा नाम..... ज़िले का निवासी हूँ.....मेरे पिताजी का नाम....माता जी का नाम.....मैं सुबह व्यायाम.....स्कूल जाने के लिए तैयार .... छठी कक्षा में ..... स्कूल बहुत सुंदर.... स्कूल से घर आकर...... गृह कार्य...... मेरे जीवन का लक्ष्य...... इस लक्ष्य को मैं....... अथवा

**मेरा गाँव (निबंध)**

मेरा गाँव एक छोटा सा गाँव है........पंजाब राज्य के ज़िले.......मेरे गाँव का नाम......गाँव की...जनसंख्या.......गाँव का मुख्य व्यवसाय...मेरे गाँव का वातावरण...यहाँ संयुक्त परिवार हैं....स्कूल और चिकित्सालय है...गाँव के लोगों में बहुत एकता है...सभी धर्मों के त्योहार मनाते हैं...मेरा गाँव हमेशा खुशहाल रहे।

**(ii) किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं की सहायता से कहानी लिखिए। (5×1=5)**

**लालची कुत्ता (कहानी)**

एक कुत्ता था...भोजन की तलाश...माँस का टुकड़ा मिला...वह टुकड़े को मुँह में...उसे अपनी परछाईं नदी में....उसने सोचा यह टुकड़ा......अब वह बहुत पछताने लगा।

शिक्षा:-......बुरी बला है। अथवा

**चालाक लोमड़ी (कहानी)**

एक जंगल में एक लोमड़ी......वह अपनी भूख मिटाने......के लिए भोजन की......कुछ न मिला...अचानक उसकी नज़र...कौआ बैठा हुआ था...पानी भर आया...अचानक एक उपाय...गीत नहीं सुनाओगे?"वह लोमड़ी की मीठी-मीठी बातों में...गाना गाने......टुकड़ा नीचे गिर गया

शिक्षा:-हमें झूठी.........बचना चाहिए।

**प्रश्न - 8. सुंदर लिखाई**

**(5)**